हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

12 पांचवें दिन भी नहीं हुआ कालूराम का दाहसंस्कार



12 व्यापारियों और किसानों की समस्याओं पर मंथन



## खबर संक्षेप

### स्वर्ण आभूषण की दुकान से लाखों के जेवर चोरी

**सिरसा।** बडागुढ़ा पुलिस ने दीपक निवासी कांडा कालोनी सिरसा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में दीपक ने बताया कि उसकी साहुवाला-प्रथम गांव में लतिका ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। वह 17 दिसंबर की सायं अपनी दुकान मंगल करके घर आ गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के ताले टूटे हुए पाए।

### करियाणा दुकान से चोरी की घटना सुलझी

**सिरसा।** ऐलनाबाद थाना पुलिस ने बीती 27 अक्टूबर 2023 को ऐलनाबाद से नोहर रोड क्षेत्र में स्थित करियाना की दुकान से 15000 की नगदी चोरी करने की वारदात को सुलझा लिया है। ऐलनाबाद पुलिस ने इस संबंध में अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लखविंदर पुत्र महेंद्र सिंह तथा संदीप कुमार पुत्र छिदांराम निवासियान वार्ड नंबर 3 रानिया के रूप में हुई है।

### मोटरसाइकिल सवार युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को 8.35 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेंद्र सिंह निवासी गांव सरवरपुर थाना भट्टू कला जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिंग थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि थाना के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी गश्त व चेकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की नामांकन प्रक्रिया बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी नरेश सचदेवा एडवोकेट ने बताया कि प्रत्येक पद के लिए एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रधान पद के लिए ईश्वर देवी सेठी, उपप्रधान पद के लिए बनारसी दास मोंगा, सचिव पद के लिए सुग्रीव सिंह बिश्नोई, सहसचिव पद के लिए लीलाधर बंसल, कोषाध्यक्ष पद के लिए मदन गोपाल नारंग, लेखा परिक्षक पद के लि हीरा लाल गुप्ता व प्रैस प्रवक्ता पद के लिए रिशीराज शर्मा ने अपना नामांकन पत्र भरा है।

### हनुमान मंदिर कुम्हारिया में श्रीराम कथा 23 से

**फतेहाबाद।** गांव कुम्हारिया में साबरवास रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर की ओर से 23 दिसम्बर से 1 जनवरी तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख डेरा संचालक संत सुन्दरनाथ महाराज ने बताया कि अनन्त श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अनन्तानन्द सरस्वती राजगुरू मठ पीठाधीश्वरए काशी के पावन सानिध्य में मंदिर प्रांगण में 7 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 23 दिसम्बर को प्रातः सवा 9 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

## व्यापारियों ने सब्जी उत्पादक किसानों को मंडियों में सब्जी-फल लाने से किया मना

# सब्जी मंडियों में आज रहेगी हड़ताल शहरों में नहीं बिकेगी ताजी सब्जी

- सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने सरकार को चेताया है कि अगर इसके बाद भी सरकार अपने तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती है तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एडवांस मार्किट फीस जमा करवाने के फरमान के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर आज बुधवार को जिलेभर की सब्जी मण्डियों के व्यापारी हड़ताल पर रहेंगे और सब्जी नहीं खरीदेंगे। हड़ताल के चलते व्यापारियों ने सब्जी उत्पादक किसानों को मंडियों में सब्जी-फल लेकर आने से मना कर दिया है। हड़ताल के चलते खुदरा विक्रेता, सब्जी के दुकानदार व रेहड़ी चालक भी सब्जी नहीं बेच पाएंगे। इस दौरान जिलेभर के शहरों में सब्जी नहीं मिलेगी। फतेहाबाद में सब्जी मण्डी के व्यापारी सब्जी मण्डी के गेट को बंद कर वहां धरना-प्रदर्शन करेंगे। सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने सरकार को चेताया है कि अगर इसके बाद भी सरकार अपने तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती है तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। सब्जी मण्डी बंद रहने से आज लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। फतेहाबाद सब्जी मण्डी के प्रधान भूप सिंह ने बताया कि सरकार ने 2021 व 2022 में भी मार्किट फीस लेने का फैसला लिया था लेकिन व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस ले लिया था।



**फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित सब्जी मण्डी। फोटो : हरिभूमि

### आम लोगों को होगी परेशान, पहले की किया स्टॉक

बुधवार को सब्जी मण्डी व्यापारियों की हड़ताल से आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आज बाजार में कोई भी ताजा सब्जी नहीं आएगी। हड़ताल की पहले ही घोषणा के चलते लोगों ने अपनी जरूरत का सामान पहले ही खरीद लिया है। हड़ताल का असर फड़ी व रेहड़ी लगाकर सब्जी बेचने वालों पर भी पड़ेगा। वे आज सब्जी मंडी से सब्जी नहीं ला सकेंगे और लोगों को क दिन पुरानी सब्जी खाने को मिलेगी। किसानों को भी हड़ताल का नुकसान होगा। उन्हें अपनी सब्जियों को बेचने के लिए एक दिन का इंतजार करना होगा, जिससे सब्जियों के खराब होने का भी डर बना रहेगा।

## टैक्स बढ़ाने के विरोध में सब्जी मंडी बंद रहेगी

- सब्जी व फल विक्रेताओं ने पहले ही दो दिन का किया स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा सरकार द्वारा फल एवं सब्जी पर टैक्स बढ़ाने के विरोध में 20 दिसम्बर को सब्जी मंडी एसोसिएशन ने एक दिवसीय मंडी बंद का ऐलान किया है। एसोसिएशन के मंडी बंद के फैसले के चलते बुधवार को सिरसा सब्जी मंडी में किसी भी प्रकार का लेनदेन नहीं होगा। हालांकि एसोसिएशन ने इस फैसले से चार दिन पहले ही किसानों व फल-सब्जी विक्रेताओं को भी बता दिया था। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसको देखते हुए एसोसिएशन ने चार दिन पहले ही इस फैसले की जानकारी दे दी। इस फैसले के बाद फल व सब्जी विक्रेताओं ने दो दिन एडवांस में ही फल-सब्जी खरीद कर स्टॉक कर लिया। सब्जी मंडी एसोसिएशन सिरसा के प्रधान गंगाराम बजाज ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 2014 से लेकर 2020 तक फल व सब्जी पर शून्य प्रतिशत मार्केट फीस की घोषणा की। कोरोना के बाद सरकार ने अचानक एक प्रतिशत एचआरडीएफ तथा एक प्रतिशत मार्केट फीस लागू कर दी। यही नहीं 10 प्रतिशत फीस बढ़ाकर स्लैब प्रणाली लागू कर दी और अग्रिम टैक्स भरने का नया फरमान सुना दिया जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले के खिलाफ एसोसिएशन ने 20 दिसम्बर को सब्जी मंडी बंद रखने का फैसला लिया है।



**फतेहाबाद।** वाहन चोर गिरोह से बरामद चोरीशुदा मोटरसाइकिल व स्कूटी। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्य काब

- पातड़ा, सिरसा, टोहाना, फतेहाबाद व चण्डीगढ़ से चोरी किए गए थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी शुदा 8 मोटरसाइकिल व 4 स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बोबी, रजत, सुनील व संदीप को तौर पर हुई है। पकड़े गए युवकों में तीन रतिया के रहने वाले हैं जबकि एक युवक सुनील सिरसा का है। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

पूछताछ में सामने आया है कि इन युवकों ने यह वाहन फतेहाबाद, सिरसा, टोहाना के अलावा पंजाब के मानसा, समाना, पातड़ा व मोहाली आदि क्षेत्र से चुराये थे और इन्हें बेचने की तैयारी में थे। प्राथमिक पूछताछ में यह भी पता चला है कि पैसों की तंगी और नशे की लत में फंसे युवकों ने एक-दूसरे को जोड़कर यह गिरोह बनाया हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने एचसी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आरोपी बोबी व रजत को 16 दिसम्बर को गिरफ्तार किया था। इसमें आरोपी बोबी को रतिया चुंगी फतेहाबाद से जबकि रजत को मोहाली से गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। दोनों आरोपियों को कोर्ट मे पेश कर चोरीशुदा वाहनों की बरामदगी व अन्य आरोपियों की गिरफ्तार के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान आरोपियों ने पातड़ा, सिरसा, टोहाना, फतेहाबाद, चण्डीगढ़ व अन्य क्षेत्रों से बाइक व स्कूटी चोरी करना कबूल किया था। पुलिस की गहन पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि हमने चोरीशुदा बाइक व स्कूटी को सुनील व संदीप को बेच दिये थे। पुलिस ने चोरी का सामान रखने के आरोपी सुनील को सिरसा से जबकि संदीप को रतिया से गिरफ्तार कर लिया।

## बैंक ने केसीसी लोन वापसी के लिए धोखे से लगाया चेक, कोर्ट ने किसान को किया बरी

- बैंक की शिकायत के अनुसार किसान कपिल देव ने बैंक से लोन ले रखा था जो कि अभी तक लगभग ब्याज समेत लगभग 40 लाख बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जीएमआईसी गौरी नारंग की अदालत ने चैक बाऊंस के एक मामले में सुनवाई करते हुए किसान को बरी कर दिया है। एचडीएफसी बैंक फतेहाबाद ब्रांच द्वारा कोर्ट में किसान कपिल देव के खिलाफ चेक बाउंस बारे याचिका दायर की गई थी। बैंक की शिकायत के अनुसार किसान कपिल देव ने बैंक से लोन ले रखा था जो कि अभी तक लगभग ब्याज समेत लगभग 40 लाख रुपए बकाया है।

उसने लोन वापसी में कुल रकम के कुछ हिस्से का चेक दिया था जो खाते में पैसे ना होने के कारण बाउंस हो गया था। इस बारे बैंक ने किसान को सजा व मुआवजे की मांग की थी। 6 वर्ष चली इस लंबी कानूनी लड़ाई में किसान कपिल देव ने संघर्ष किया और अपने वकील संजीव कुमार के मार्फत कोर्ट में लड़ाई लड़ी। एडवोकेट संजीव कुमार के अनुसार अदालत ने दोनों पक्षों को ध्यान से सुना और अपने फैसले में कहा कि बैंक ने लोन दिया, इसे ख़ुद कपिल देव ने माना है। बचाव पक्ष ने कहा कि खाली चेक साइन करवा कर लोन देते समय बैंक ने अपने पास ही रख लिया था जो कि सिक्योरिटी के रूप में लिया था। किसान कपिल देव को बैंक कर्मचारियों ने कहा था कि जब पैसे वापस भरने होंगे तो उसे सूचना दे दी जाएगी लेकिन बैंक की तरफ से किसान को कोई सूचना नहीं दी गई और बिना सूचना के बाद ही सिक्योरिटी के रूप में लिया चेक उसके सेविंग खाता में लगा दिया जोकि पैसे ने होने के कारण बाउंस हो गया। इसके बाद भी किसान कपिल देव को किसी प्रकार की सूचना दिए बिना उसके खिलाफ कोर्ट में शिकायत कर दी गई।

## किसानों ने डबवाली रोड को किया जाम

- बोले : औने-पौने दामों में बेचना पड़ रहा है नरमा
- मिल मालिक नरमा में कमी बता कर तय भाव में भी कर रहे हैं कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

प्राइवेट व्यापारियों द्वारा नरमा फसल के दामों में भाव के बाद कटौती करने पर किसानों ने मंगलवार को डबवाली रोड जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नगराधीश अजय सिंह मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिस कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि मिल मालिक अपनी मनमर्जी से भाव तय कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि पहले बोली में भाव कुछ और होता है और फैक्ट्री में ले जाने पर मिल मालिकों द्वारा नरमा में कमी होने का बहाना बनाकर भाव और कम कर दिया जाता है। साथ ही किसानों ने बताया कि प्राइवेट मिल मालिक औने-पौने दामों पर नरमा की खरीद कर रहे हैं। मंगलवार को नरमे का भाव 5400 रुपए तय किया गया है जो की बहुत ही काम है।

किसानों का कहना है कि आज आदमपुर मंडी में नरमे का भाव 7000 के पार है और सिरसा के कॉटन मिल मालिक 5400 में नरमा खरीदना चाहते हैं। किसानों का कहना है कि मिल मालिक सोचते हैं कि किसान मजबूर होकर कम दाम में नरमे की फसल बेचकर जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि इस बार नरमे की फसल अच्छी हुई है। नरमे में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं। पिछले साल यही नरमा 17 से 18 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिका था। किसान मंगल सिंह का कहना है कि एक किलो नरमे पर 50 रुपए का खर्चा किसान को आता है। ऐसे में किसानों को उसकी फसल का पूरा दाम मिलना चाहिए। सरकार भी इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। मिल मालिक हमेशा ही कम भाव लगाकर किसानों का शोषण करते हैं। बाद में नगराधीश किसानों के बीच पहुंचे और उन्हें समझा बुझाकर जाम खुलवाया।



**सिरसा।** नरमा के उचित भाव की मांग को लेकर डबवाली रोड जाम करते किसान तथा किसानों के बीच पहुंचे नगराधीश अजय सिंह। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा कर्मचारी असेंबली ने 11 प्रस्ताव किए पास

- हरियाणा कर्मचारी असेंबली में कुल सात प्रस्ताव पारित किए गए और 15 दिसंबर की असेंबली में चार प्रस्ताव पारित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने विधानसभा सत्र के अवसर पर जिला मुख्यालय पर मंगलवार को हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन किया। रा'य प्रेस सचिव व डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया इस असेंबली की अध्यक्षता जिला वरिष्ठ उपप्रधान मदनलाल खोथ द्वारा की गई और हरियाणा असेंबली का शुभारंभ व संचालन महेंद्र सिंह शर्मा ने किया। इस दौरान विशेष रूप से सर्व कर्मचारी संघ से राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट व अध्यापक संघ से राज्य महासचिव प्रभुराम भी मौजूद थे।

हरियाणा कर्मचारी असेंबली में कुल सात प्रस्ताव पारित किए गए और 15 दिसंबर की असेंबली में चार प्रस्ताव पारित किए गए। कुल 11 प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव कच्चे कर्मचारियों से संबंधित दूसरा प्रस्ताव पुरानी पेंशन बहाली से संबंधित तीसरा प्रस्ताव राज्य में रोजगार के विस्तार से संबंधित चौथा प्रस्ताव सार्वजनिक सेवाएं-उपलब्धता गुणवत्ता और कर्मयोगी पांचवां प्रस्ताव अलग वेतन आयोग व वेतन विसंगति निवारण बारे, छटा प्रस्ताव कर्मचारियों की जनतांत्रिक एवं राजनीतिक आधार बारे, सातवां प्रस्ताव बिजली संशोधन बिल 2023 को वापस लेने बारे, आठवां प्रस्ताव समावेशी विकास और सामाजिक न्याय बारे, नौवां प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने बारे, दसवां प्रस्ताव रोड ट्रांसपोर्ट विधेयक 2019 और सार्वजनिक परिवहन सेवा बारे कानून, ग्यारहवां प्रस्ताव कृषि संकट समाधान से संबंधित था।



**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ जिला मुख्यालय पर हरियाणा कर्मचारी असेंबलीका आयोजन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## न्याय की गुहार को लेकर पीड़िता ने एसपी सहित उच्चाधिकारियों को भेजी शिकायत

- रिश्तेदार ने वीडियो बनाकर शारीरिक संबंध बनाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव सुचान में विवाहित महिला ने पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजकर उसकी वीडियो बनाकर शारीरिक संबंध का दबाव बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिला के भिवानी के बवानीखेड़ा निवासी विवाहित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 22 फरवरी 2023 को सुचान गांव के सतीश पुत्र हजारी लाल के साथ हुई थी। वह 9 दिसम्बर को घर में नहा रही थी तो उसके पति की मौसी मोना पत्नी सोना के दामाद धर्मेन्द्र ने उसकी वीडियो बना ली और उसे शारीरिक संबंध बनाने के दबाव डालने लगा। जब उसने यह बात अपने पति सतीश को बताई तो वह उसको पकड़ कर मौसी के घर छोड़ आया। मौके पर सतीश के चाचा-चाची भी आ गए और उन्हें भी इस घटना के बारे में बताया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने अपनी सास संतोष उर्फ बबली को बताया तो उसने अपनी बहन व उसके दामाद का ही पक्ष लेते हुए कहा कि यह छोटी-मोटी बात है। इस तरह की बात पर ऐतराज नहीं करना चाहिए। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सास ने धमकी दी कि अगर तूने कोई कानूनी कार्रवाई की तो वह उसका घर नहीं बसना देगी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से धर्मेन्द्र, सास संतोष व इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याये की मांग की है। उधर, जब इस संबंध में डिंग थाना प्रभारी विक्रम सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है।

## आरडीएस फीडर को ठेके पर देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने समाज हित व निगम हित को देखते हुए आरडीएस फीडरों को ठेके पर न देने की मांग की है। इसको लेकर संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भूना के प्रधान सुनील झाझड़ा के नेतृत्व में भूना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ से मिलने पहुंचा और उनकी अनुपस्थिति में एसडीसी जगदीश को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर संघ के जिला सचिव बजिन्द्र मेडल विशेष तौर पर मौजूद रहे। इनके अलावा अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ भुना के सचिव धर्मवीर, जयबीर शर्मा, सुनील कुमार, प्रशोतम जागड़ा भी उपस्थित थे। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के जिला सचिव बजिन्द्र मेडल ने कहा कि सर्कल हिसार के अंतर्गत आरडीसी फीडरों को हाई लॉस के चलते ठेकेदार को दिया गया है जबकि सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन ठेकाप्रथा समाप्ति व श्रम कानूनों की पालना के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों के शोषण के साथ-साथ श्रम कानूनों की अवहेलना भी की जाती रही है। इसके अलावा विभाग पर भी अतिरिक्त खर्च आता है। ऐसे में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ मांग करता है कि श्रमिक हित, समाज हित व निगम हित को ध्यान में रखते हुए इस टेंडर को निरस्त किया जाए।



**फतेहाबाद।** एसडीसी को ज्ञापन सौंपते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल।

### अधिकारी व कर्मचारी नागरिकों को दे रहे योजनाओं की जानकारी

## गांव दरियापुर व हिजरावां कलां में पहुंची संकल्प यात्रा

- कार्यक्रम में ही पात्र व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में ही पात्र व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव दरियापुर व हिजरावां कलां में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख समाजसेवी राजपाल बेनीवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर दी। मुख्यातिथि राजपाल बेनीवाल, विशिष्ट अतिथि इंद्र गावड़ी, इंद्राज मोंगा, संदीप भादू, राजू नारंग सरपंच सुमन रानी, सुरेश कुमार, मोहर सिंह फौजी, जीत शामा, सुरेंद्र कंबोज सहित नंबरदार, पंच तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली। कार्यक्रम में राजपाल बेनीवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से नागरिकों को दी जा रही सेवाओं व योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से समाज के सभी वगार्ें का उत्थान किया जा रहा है। यात्रा के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश का कोई भी गरीब नागरिक धन के अभाव में न तो भूखा रहेगा और न ही ईलाज करवाने में असमर्थ रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वषार्ें के लिए बढ़ा दिया है।



**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते समाजसेवी राजपाल बेनीवाल।

## खबर संक्षेप

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है। पीड़ति महिला ने 1 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 मार्च 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।





# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस

तरुण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

■ हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



### हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक



गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।

### मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना




पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।

### जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से। हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।

### हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग



पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी



कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।

# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

■ पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए

■ दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिं कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

■ आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी।

लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### महिला ने लगाया डेढ लाख ऐंठने का आरोप

**रतिया।** गांव कुनाल निवासी एक महिला ने बैंक कर्मचारी व एक महिला पर उससे धोखाधड़ी कर डेढ़ लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। इस बारे रतिया पुलिस को दी शिकायत में गांव कुनाल निवासी बलजीत कौर ने कहा है कि उसका खाता पंजाब एंड सिंध बैंक, ब्रांच मोहम्मदपुर सौत्र में है। गांव हांसपुर निवासी सिमरजीत सिंह कोटक महिन्द्रा बैंक में कर्मचारी है।

### 3 जनवरी तक दर्ज करवा सकते हैं अपनी आपत्तियां

**सिरसा।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा 18 दिसंबर 2023 को प्रकाशित किया गया है। मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति संबंधित उपायुक्त सिरसा की आधिकारिक वेबसाइट सिरसाडॉटजीओवीडॉटइन पर उपलब्ध है।

### जरूरतमंद कन्याओं को जर्सी, वर्दी व बूट वितरित

**रतिया।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया के मिडल विंग में लोक चेतना मंच हरियाणा के तत्वावदान में जरूरतमंद बच्चों को जर्सी, वर्दी व बूट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सूबेदार ज्ञान सिंह ढोट तथा वशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य अबनीश गर्ग शामिल हुए।



### एसडीएम ने स्कूलों में किया बूथों का निरीक्षण

**टोहाना।** एसीएम प्रतीक हुड्डा ने गांव कन्हड़ी व समैण के स्कूलों में बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बूथों का निरिक्षण करने के बाद आवश्यकता के अनुसार उनमें सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रही कक्षाओं का भी जायजा लिया और बच्चों से सवाल जवाब किए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने मंगलवार को गांव कन्हड़ी व समैण के स्कूलों में बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि जिस भी बूथ पर मरम्मत की आवश्यकता है तो मरम्मत कारवाई जाए।



### साइकिल रेस में साधनवास की भतेरी ने मारी बाजी

**जाखल।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय जाखल द्वारा मंगलवार को खण्ड के गांव तलवाड़ा के खेल मैदान में महिलाओं की खेल प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महिला एवं परियोजना अधिकारी जोगिंदर कौर व सुपरवाइजर उषा बजाज ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में खण्ड जाखल के विभिन्न गांवों की महिलाओं ने भाग लिया।

### किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक लाभ

# संकल्प यात्रा असल जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी

**गांव ढाणी संता सिंह, कुत्ताबढ, शाहपुरिया, तरकांवाली, गिदड़ांवाली, मौजदीन, अहमदपुर, खैरेकां में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला निरंतर जारी है। मंगलवार को यात्रा जिला के गांव ढाणी संता सिंह, कुत्ताबढ, शाहपुरिया, तरकांवाली, गिदड़ांवाली, मौजदीन, अहमदपुर व खैरेकां में पहुंची। गांव गिदड़ांवाली में जिला महामंत्री ठाकुर भगवत सिंह राठोर, मौजदीन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्ण चंद सैन, अहमदपुर व खैरेकां में पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, शीशपाल कंबोज, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह बसरा, गिदड़ांवाली की सरपंच महेंद्र कौर, मौजूदीन की सरपंच पवनदीप कौर, सरपंच खैरेकां सुमन कुमार, सागर केहरवाला भी मौजूद रहे। जिला महामंत्री ठाकुर भगवत सिंह राठोर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।



**सिरसा।** स्टाल का निरीक्षण करते पूर्व विधायक बलकौर सिंह व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्ण चंद सैन ने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी ढंग से निभा रही है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। इस दौरान संतोष रानी, तिलकराज कंबोज, गुलशन गाबा, जगदीश दुशाद, मक्खन सिंह ख्योवाली, प्रकट सिंह खैरां, मंजीत कौर, कृष्ण यादव, सरपंच संदीप, सुभाष, कुलबीर सिंह, नंबरदार प्रेम कुमार, सुभाष कंबोज, निशांत सिंह, डा. भजनलाल कबोज भी मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा के तहत होने वाले कार्यक्रमों का शैड्यूल जारी

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद के तहत जिला के विभिन्न खंडों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शैड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी नागरिकों को देकर उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। खंड फतेहाबाद में 20 दिसंबर को गांव ढाणी छतरियां व दौलतपुर, 21 दिसंबर को ढाणी बिंजा लांबा व अयाल्की, 22 दिसंबर बहलभुमिया रामपुरा व रजाबाद, 23 दिसंबर को गांव बोसवाल व आकावाली, 26 दिसंबर को गांव भिरड़ाना व भूथन कलां, 27 दिसंबर को गांव झलनियां व खान मोहम्मद तथा 28 दिसंबर को गांव काताखेड़ी में कार्यक्रम आयोजित होगा। खंड भूना में 20 दिसंबर को गांव धौलू व घोटडू, 21 दिसंबर को गांव ढाणी डूल्ट व डूल्ट,22 दिसंबर को ढाणी सांचला व ढाणी भोजराज, 23 दिसंबर को गांव बोस्ती व बुआन, 25 दिसंबर को रेहनखेड़ी व लहरियां, 26 दिसंबर को भूंदड़ा व दिगो तथा 27 दिसंबर को गांव टिब्बी व भटटू में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। इसी प्रकार से खंड नागपुर में 20 दिसंबर को गांव बहबलपुर व भड़ोलावाली, 21 दिसंबर को गांव हंसपुर व खुनन तथा खंड रतिया में 20 दिसंबर को गांव मुंशीवाली व सुखमनपुर, 21 दिसंबर को गांव चिम्मो व ढाणी बिलासपुर, 22 दिसंबर को बलियाला व लुथेरा तथा खंड टोहाना में 20 दिसंबर को हिंदालवाला व हैदरवाला, 21 दिसंबर को गांव पारता व सनियाना, 22 दिसंबर को ठरवा व ठरवी, 23 दिसंबर को गांव चिलेवाला व लालुवाल, 25 दिसंबर को फतेहपुरी व अमानी, 26 दिसंबर को चंदड़ कलां व खुर्द, 27 दिसंबर को इंदाछोई व भोड़ी, 28 दिसंबर को रसूलपुर व मंघेड़ा तथा 29 दिसंबर को गांव भोडिया खेड़ा व माद़ुवाना में कार्यक्रम होंगे।


**फतेहाबाद।** बैठक में मौजूद अंखण्ड भारत सेवक दल के सदस्य।

## सामूहिक हनुमान चालीसा और तुलसी पूजन 25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मन्दिर में अखण्ड भारत सेवा दल की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता अखंड भारत सेवा दल हरियाणा के संरक्षक स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने की। बैठक में संगठन कायार्ें में सफलता के लिए संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। रामनवमी के उपलक्ष्य में ध्वजा यात्रा अगामी 13 अप्रैल को निकालने का निर्णय लिया है। रामनवमी ध्वजा यात्रा में जिले के सन्त समाज धर्म रथ की अगुवाई करेंगे, जिसमें 2100 ध्वज उठाए जाएंगे। यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों को घर-घर जाकर आमंत्रित किया जाएगा। महा यात्रा की तैयारी को अगला पड़ाव देने के लिए दीपक सरदाना भारतदीप को सर्व सम्मति से ध्वजा यात्रा अभियान प्रमुख घोषित किया गया। दीपक सरदाना के नाम का प्रस्ताव श्रवण बुडिया ने किया जिस पर सभी कार्यकर्ताओं ने सहमति जताई। इसके अलावा चन्द्रशेखर शर्मा, सोनिया मखीजा, गौरव शास्त्री, हेमन्त शर्मा, गोबिंद भरपूर, मुकेश फुटेला को सह प्रमुख टोली सदस्य बनाया गया तथा राजकुमार सरदाना व शम्मी धींगड़ा को संगठन कायार्ें में विशेष सलाहकार नियुक्त किया गया। सभी संगठन कायार्ें की चर्चा व विस्तार स्वामी विज्ञान प्रेमानंद की उपस्थिति में हुई।

### बॉयज हॉस्टल के छात्रों की मांग हुई पूरी, वाशिंग मशीनें लगाई

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के बॉयज हॉस्टल एक तथा दो के लिए 13 वाशिंग मशीने लगाई गई। बॉयज हॉस्टलों के चीफ वार्डन प्रो. अभय सिंह गोदारा ने बताया कि इस संदर्भ में छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक से गत सप्ताह अनुरोध किया था कि महिला छात्रावास की भांति उनके हॉस्टलों में भी वाशिंग मशीन की सुविधा होनी चाहिए। इस पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रो. अभय सिंह ने कहा कि लाला लाजपत राय हॉस्टल तथा सरदार पटेल हॉस्टल में मंगलवार को इन मशीनों को इंस्टॉल किया गया है और मशीनों के इंस्टॉल होने से विद्यार्थियों में खुशी की लहर थी। गोदारा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपने लक्ष्य को निर्धारित करके जीवन में आगे बढ़ता है, सफलता उसके कदम चूमती है।

## चेयरमैन ने रखी सड़क की नींव

- आदित्य देवीलाल का दावा डबवाली में भाजपा सरकार में हुए रिकार्ड विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन व भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य देवीलाल चौटाला ने डबवाली विधानसभा के गांव चौटाला में 1 करोड़ 34 लाख की लागत से चौटाला से मम्मड़ खेड़ा राजस्थान तक बनने वाली सड़क का नारियल तोड़कर नींव पत्थर रखा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने चेयरमैन आदित्य देवीलाल चौटाला को पगड़ी व माला पहना कर सम्मानित किया। चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने बताया कि चौटाला से मम्मड़ खेड़ा सड़क की मांग लंबे समय से थी जिस मांग को अब भाजपा शासन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि डबवाली विधानसभा में भाजपा शासन में सबसे अधिक विकास कार्य हुए हैं।


**सिरसा।** सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते आदित्य चौटाला।



### नप प्रधान से मिले वाल्मीकि सेवा समिति प्रतिनिधिमंडल

**फतेहाबाद।** वाल्मीकि सेवा समिति फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल आज नगर परिषद चेयरमैन राजेंद्र सिंह खिची से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने वाल्मीकि चौक के सौंदर्यीकरण व यहां खराब सड़क को ठीक करवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भगवान वाल्मीकि मंदिर व चौके बीच की सड़क कई जगह टूटी हुई है, जिससे आम जन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही चौक का सौंदर्यीकरण भी जल्द से जल्द करवाया जाए। इस पर नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिची ने उन्हें इस मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया मोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रा'य स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 16 व 17 दिसंबर को शेखपुरा खालसा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में हुआ। जिसमें हरियाणा के सभी जिलों से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। रा'य स्तरीय प्रतियोगिता में में शहरी व ग्रामीण दो गुरपों लगभग 90 टीमों ने भाग लिया। जिसमें से केवल 16 टीमों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। सिरसा जिला से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुचान से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी मोहित का शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है। मोहित ने मार्गदर्शिका शिक्षक श्रीमती पुष्पा रानी प्रवक्ता रसायन विज्ञान की देखरेख व मार्गदर्शन में आर्गेनिक मोस्कीटो कोईल विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया था। आपको बता दें कि मच्छरों को भगाने के लिए मोहित के द्वारा जो कोईल बनाई गयी थी वो घरेलू पधाथोंर् से तैयार की गई थी, जो बाजार में उपलब्ध कोईल से 'यादा सुरक्षित व कम लागत में तैयार की गयी थी। इसमें मुख्यतः गोबर, कपूर, नीम की पत्तियों आदि का प्रयोग किया गया था।


**सिरसा।** बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ मोहित।

## फतेहाबाद में पुराने जलघर का हो नवीनीकरण

- विधायक दुड़ाराम ने फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र की मांगों को विधानसभा में रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विधायक दुड़ाराम ने विधानसभा में फतेहाबाद हलका के चहुंमुखी विकास कायार्ें के लिए अनेक मांगे रखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाल डोरा में मालिकाना हक दिलाने का काम किया है उसी प्रकार फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव भट्टू जो कि पंचायत समिति की जगह में बसा हुआ है उस गांव के लोगों को भी मालिकाना हक दिलाने का काम करे ताकि लोगों को बिजली मीटर कनेक्शन व अन्य सुविधाएं लेने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद जिला का जलघर काफी पुराना है इसलिए जलघर का नवीनीकरण करवाया जाए ताकि लोगों को हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर, गोरखपुर, दहमन व अन्य गांव में सेम की समस्या है। सेम की समस्या से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र में सोलर ट्यूबवेल लगाया जाए ताकि किसानों को सेम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने फतेहाबाद का रजभाहा नया बनाने के लिए अनुरोध किया ताकि टेल तक पानी पहुंचाया जा सके।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में छात्राओं की आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गया गया। इस त्रैमासिक प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से छात्राएं न सिर्फ अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगी, बल्कि वे आत्मरक्षा की तकनीकों और आत्मविश्वास का भी विकास करेंगी। इसके माध्यम से छात्राओं को सामाजिक और शैक्षणिक संदर्भ में सशक्त करने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अभियान अनुभवी आत्मरक्षा प्रशिक्षक जैस्मीन द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने आत्मरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझाने के लिए विशेषज्ञता से भरपूर पंच व किक कौशल सिखाया। उन्होंने छात्राओं को सिखाया कि कैसे वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं और भविष्य में इस प्रकार की परिस्थिति में स्वयं के बचाव के लिए तैयार रह सकती हैं। इस दौरान छात्राएं सीखती हैं कि कैसे कठिन स्थितियों में भी बुद्धिमत्ता से निर्णय लिया जा सकता है। इस दौरान प्रशिक्षक ने दुश्मन पर काबू पाने के दांव पेंच बताते हुए कहा कि आपका पेन, मोबाइल, दुपट्टा भी बचाव का कारगर हथियार बन सकता है। छात्राओं को पंच, किक, अटैक और डिफेंस आदि के तरीकों का प्रदर्शन कर दुश्मन पर काबू पाने के गुर सिखाए।



**फतेहाबाद।** पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में भाग लेती छात्राएं।

## इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ सब्जी मंडी आढ़तियों के साथः मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गुरदयाल मेहता ने कहा कि गठबंधन सरकार व्यापारियों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। व्यापारियों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उनके मान-सम्मान को ठेंस पहुंचा रही है। मेहता ने कहा कि सरकार ने सब्जी मंडी के आढ़तियों से एक मुश्त फीस लेने का वादा किया था, मगर अब सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि किसी भी सब्जी मंडी आढ़ती ने पिछले वर्ष जितनी मार्केट फीस जमा करवाई है, आगामी वर्ष में उसे 10 प्रतिशत बढ़ाकर फीस जमा करवानी होगी। यह सब्जी मंडी आढ़तियों के साथ अन्याय व धोखा है। उन्होंने कहा कि इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ सब्जी मंडी आढ़तियों के साथ है। आढ़ती सरकार के खिलाफ जो भी आंदोलन करेंगे उसमें इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ हिस्सा लेगा। गुरदयाल मेहता ने कहा कि सरकार ने सब्जी मंडी आढ़तियों के साथ जो वादाखिलाफी की है, वह निंदनीय है। उनकी मांग है कि सरकार को सब्जी मंडी आढ़तियों से जीरो प्रतिशत मार्केट फीस लेनी चाहिए। यदि सरकार ने आढ़तियों की मांग को नहीं माना तो कल 20 दिसंबर को प्रस्तावित सब्जी मंडी हड़ताल में इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ पूरा सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है, जबकि व्यापारियों से वसूले गए राजस्व से ही सरकार के विकास के कार्य होते हैं।

## बॉक्सिंग में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाजों ने जीते 4 गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के 4 मुक्केबाज खिलाड़ियों ने फरीदाबाद में आयोजित डीएवी इंटर स्टेट लेवल प्रतियोगिता में शानदान प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। साथ ही राष्ट्र स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए भी स्थान बनाया। यह जानकारी देते हुए कोच प्रदीप सैनी ने बताया कि द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के चिराग ने 38 किलो भार वर्ग में गोल्ड, अर्पित ने 50 किलो भार वर्ग में गोल्ड, आदित्य ने 70 किलोभार वर्ग में गोल्ड व निशांत ने 80 किलो भार वर्ग में गोल्ड मैडल जीता।

उन्होंने बताया कि ओलम्पियन अर्जुन अवॉर्डी एवं हरियाणा सरकार में डीएसपी जयभगवान के कुशल निर्देशन में चल रहे द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के खिलाड़ी नए नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उक्त खिलाड़ियों ने मैडल जीतकर अपने माता पिता, अकैडमी व फतेहाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है।


**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के विजेता खिलाड़ी।


**टोहाना।** ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण के लिए रवाना होते डिफेंस कॉलेज के विद्यार्थी।

### डिफेंस कालेज के विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**टोहाना।** डिफेंस पीजी कालेज ऑफ एजुकेशन के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का दो दिवसीय शैक्षिक दल विभागाध्यक्ष हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में धार्मिक व ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इसे प्राचार्य डॉ. जोधाराम मेहरा व स्टाफ सदस्यों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शैक्षणिक दल में शामिल विद्यार्थियों ने स्वर्ण मंदिर स्थित श्रीगुरु हरमंदिर साहिब, भारत-पाक सीमा के सम्मान का प्रतीक बाघा बार्डर तथा जालंधर स्थित साइंस सिटी का भ्रमण कर वहां शैक्षणिक ज्ञान बढ़ाया। इस भ्रमण को लेखाकर सुरजीत सिंह, सुमन, कौशल, बिंद्र तथा वीरेंद्र यादव आदि ने सफल बनाया तथा विद्यार्थियों को विभिन्न धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### विस क्षेत्र के विकास के लिए 20 करोड़ की राशि स्वीकृत

# टोहाना के 14 गांवों में बनेंगे सामुदायिक केंद्र

- 14 गांवों में सात करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से 14 गांवों में सामुदायिक केंद्रों सहित शिवधाम योजना और फिरनी को पक्का करने के विकास कार्य होंगे। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बताया कि 14 गांवों में सात करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया जाएगा, जिनमें से गांव इंदाछोई और नाढोड़ी में 75-75 लाख रुपये की लागत से दो सामुदायिक केंद्र, गांव गाजुवाला, डांगरा, चंदड़ खुर्द, नन्हेड़ी, अमानी, नांगला, बोस्ती, भुंदड़ा, म्योंद कलां, करंडी, ढेर, मुंदलिया में 50-50 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्रों का निर्माण करवाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि गांवों की फिरनी को पक्का करने सहित अन्य विकास कायार्ें के लिए भी 7 करोड़ 62 लाख 66 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से गांव शक्करपुरा, ढेर, गुल्लरवाला, दमकौरा, चितैण, गरनु, मामुपुर, गाजुवाला, भिमेवाला, नन्हेड़ी व फतेहपुरी में फिरनियों का निर्माण करवाया जाएगा। गांव पारता में 27 लाख 61 हजार रुपये की राशि से शिवधाम योजना के तहत विभिन्न विकास कार्य होंगे।


विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली

#### विकास कार्यों पर इतनी आएगी लागत

गांव माद़ुवाना में भी 5 लाख 28 हजार रुपये की लागत से शिवधाम योजना के तहत विकास कार्य करवाए जाएंगे। गांव दिवाना में 28 लाख 52 हजार रुपये से कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाई जाएगी। इसके अलावा तीन करोड़ 17 लाख 43 हजार रुपये की लागत से गांव रहनवाली, पूर्णमाजरा, लोहाखेड़ा में फिरनी पक्की होगी। गांव चिल्लेवाल में भी 46 लाख 65 हजार रुपये की लागत से फिरनी को पक्का करने सहित अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर काम करने वाली युवती लापता

**फतेहाबाद।** शहर में पैट्रोल पम्प पर काम करने वाली एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में भाटिया कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 29 वर्षीय पत्नी शहर में एक पेट्रोल पम्प पर काम करती थी। गत दिवस शाम को वह पम्प से छुट्टी के बाद भी काफी देर तक घर नहीं पहुंची। इस पर उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला।

### खेल रहे बच्चे से दो युवक मोबाइल छीनकर भागे

**फतेहाबाद।** शहर में घर के बाहर मोबाइल लेकर खेल रहे 6 साल के बच्चे से दो युवक मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस बारे परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में लोकनायक मोहल्ला निवासी मुकेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस शाम को उसका 6 साल का लड़का घर के बाहर गली में उसकी पत्नी का मोबाइल लेकर खेल रहा था।

### रतिया से मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोर ने गत दिवस रतिया शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में पुराना बाजार रतिया निवासी अजय कुमार ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को रतिया में ट्रक यूनियन में खड़ा किया था। वहां से अज्ञात चोर उसके मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गया। जब उसने मोटरसाइकिल को गायब देखा तो पहले आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला।

### स्वास्थ्य लाभ कार्ड के बारे में दी जानकारी

**फतेहाबाद।** समाजसेवी व स्वरोजगार संस्था जनहित ट्रस्ट द्वारा फतेहाबाद में संस्था कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य अतिथि के तौर पर अचीव गोल कंपनी के डायरेक्टर डॉ. साहिल अलावादी ने भाग लिया। जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य व अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। बैठक में डॉ. साहिल अलावादी ने स्वास्थ्य लाभ कार्ड में मिलने वाली सुविधाओं बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### जाखल में मकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने जाखल में एक मकान में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में बाजीगर बस्ती निवासी राधा देवी ने कहा है कि गत दिवस वह अपने परिवार के साथ शादी में भाग लेने हरिद्वार गए हुए थे। अब जब वह वापस घर आई तो देखा कि घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने सामान की जांच की तो पाया कि चोर उसके मकान से सिलैण्डर व अन्य सामान चोरी मिला।

### अलीका व पिलछियां में सड़क निर्माण की मांग

**रतिया।** विधायक लक्ष्मण नापा ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में क्षेत्र के विकास के लिए अपनी मांगें रखीं। उन्होंने अलिका से पिलछिया सड़क निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह सड़क 30 गांव को जोड़ती है और घग्घर नदी इसके ऊपर से गुजरती है। विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि पंजाब के काफी गांव इससे जुड़े हैं जो इसका एस्टीमेट 2 करोड़ 20 लाख का बन चुका है।

### महिलाओं को दिया जा रहा सस्ता लोन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यक्तिगत ण योजना के तहत 1.50 लाख रुपये तक ण उपलब्ध करवाया जाता है। हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक सुदेश कुमारी ने बताया कि जिसमे हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति की महिला को 25 हजार रुपये तथा जनरल व ओबीसी की महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी जाती है। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

## आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े ग्रामीण

# पांचवें दिन भी नहीं हुआ कालूराम का दाहसंस्कार



**फतेहाबाद।** हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लघु सचिवालय के बाहर धरना देते मृतक के परिजन व ग्रामीण।

### ठुईयां के कालूराम की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव ठुईयां के कालूराम नामक युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में सभी हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने मंगलवार को भी लघु सचिवालय के बाहर धरना जारी रखा। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवक का अभी तक अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। उसका शव 5 दिन से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने 15 दिसंबर को ग्रामीणों को 3 दिन के अंदर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। उस दिन जेजेपी जिला अध्यक्ष रविंद्र बेनीवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में लोग लघु सचिवालय पहुंचे और धरना दिया था।

एडवोकेट रजत कल्सन भी मौके पर पहुंचे थे। तब परिजनों ने कहा था कि जब तक आठों आरोपियों को पकड़ नहीं लिया जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। एक दिन पहले डीजीपी शत्रुजीत कपूर का भी ग्रामीणों ने पुतला फूंका था। यह समय सीमा कल शाम को खत्म हो गई, इसलिए अब लोग जल्द कोई बड़ा फैसला लेंगे। बता दें कि 15 दिसम्बर को गांव ठुईयां निवासी गंगा राम ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि 9 दिसंबर की रात को उसका सबसे छोटा बेटा कालू राम घर के बाहर खड़ा था।

#### ये था मामला

शराब के नशे में गांव का ओमप्रकाश आया और उसके बेटे को गालियां निकाली, जिस पर उसके बेटे ने गाली निकालने से रोक दिया था। इसके बाद ओमप्रकाश कुछ लोगों के साथ लाठियां लेकर आया और उसके बेटे को पीटना शुरू कर दिया। बाद में उसके बेटे को घसीटते हुए बलवान के घर ले गए, वहां भी उसे बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद आरोपी भाग गए। कालू राम की मौत के बाद पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर ओमप्रकाश, कृष्ण, योगेश, राहुल, देवेंद्र, बलवान, सावित्री, अजय के खिलाफ हत्या व एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में परिजनों व ग्रामीणों ने भट्टू पुलिस पर आरोपियों से सांठ-गांठ के आरोप लगाए थे। इसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार, बलवान सिंह व सावित्री को भट्टूकलां बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया था जबकि चार आरोपी अब भी फरार हैं। परिजन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

# यौन उत्पीड़न रोकने को कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** एडीआर सेंटर में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते पैनल अधिवक्ता कमलेश वशिष्ठ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डीआर चालिया के आदेशानुसार मंगलवार को जिला एडीआर सेंटर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समप्रीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया। सेमिनार के दौरान पैनल अधिवक्ता कमलेश वशिष्ठ ने विभिन्न विद्यालयों से आई हुई महिला अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करने हेतु अधिनियम को प्रभावशाली रूप से लागू किया जाना चाहिए। इस अधिनियम को प्रभावशाली रूप से लागू करने के लिए प्रासंगिक निकायों ने अधिनियम के तहत आईसीसी, स्थानीय समितियां और आंतरिक समितियां का गठन किया है। सवार्ेच्च न्यायालय ने सरकारी मंत्रालयों, निकायों को अधिनियम 2013 के आदेशों का पालन करने के लिए 8 सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है कि जिसमें शारीरिक संपर्क व अन्य मामले शामिल है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र हर घर तक पहुंचाया जाएगा

**ओढां।** 22 जनवरी को होने वाले श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हनुमान मंदिर नुहियांवाली में संपन्न हुई। जिसमें इंद्रजीत यादव सह कार्यवाह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारी पीढ़ी बड़ी ही सौभाग्यशाली है कि हमें हमारे आराध्य श्री रामचंद्र जी के मंदिर निर्माण व रामलल्ला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा देखने का अवसर मिला है। इस अवसर के लिए संगठन ने हर एक घर में पीले चावल देने का लक्ष्य रखा है जिसमें हम सबको अपना योगदान देना है। इस कार्यक्रम के अनुसार घर घर जाकर श्री राम मंदिर का चित्र भेंट किया जाएगा।

# जीजा पर कापे से हमला, बचाने आई मां पर भी किए वार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव अहरवां में प्रेम विवाह करने से गुस्साए युवती के बुआ के बेटे ने अपने जीजा पर कापों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई मां पर भी कापे चला दिए। घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें अग्रोहा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी व उसके सहयोगी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में अहरवां निवासी 25 वर्षीय प्रभजोत ने बताया कि वह 15 दिसंबर को अपने दोस्त मनजिंद्र के साथ गांव में ही खुले पिज्जा हट पर बैठ कर पिज्जा खा रहा था। उसने बताया कि रात करीब साढ़े 8 बजे गांव का ही अनूप व गुरप्रीत वहां आए और दोनों ने कापे से उसके सिर व हाथों पर हमला शुरू कर दिया। उसके दोस्त व दुकान के संचालक ने उसे बचाया और शोर मचाया, जिस पर उसकी मां गुरमीत कौर भाग कर वहां आई। उसने आरोप लगाया कि दोनों ने उसकी मां पर भी कापे से वार कर दिए, बाद में दोनों फरार हो गए। इसके बाद उन्हें फतेहाबाद अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शिकायत में उसने बताया कि उसने गांव सहनाल की एक युवती से प्रेम विवाह किया था।



**शादी की ज्वेलरी की खरीद पर तनिष्क में विशेष ऑफर**

**सिरसा।** प्रत्येक दुल्हन अपने बड़े दिन और उससे पहले के सभी रीति और रिवाज पर सबसे सुंदर दिखना चाहती है। इसी खूबसूरती को और निखारने के लिए तनिष्क ने बनाई है वेडिंग कलेक्शन रिवाह। इस ज्वैलरी का हर एक टुकड़ा दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगाता है। इस कैल्वशन के साथ-साथ तनिष्क अपने आशीर्वाद के रूप में दे रहा है शादी की ज्वैलरी खरीदने पर डिस्कांउट। यदि आप गोल्ड ज्वैलरी खरीदेंगे तो बनवाई पर 20 प्रतिशत तक का डिस्कांउट मिलेगा। डायमंड की ज्वैलरी खरीदने पर आपको डायमंड की वैल्यू पर डिस्काउट 20 फीसद तक का डिस्कांउट है। इसके अलावा एक और स्पेशल ऑफर चल रहा जिसमें आप अपना पुराना सोना शून्य फीसद तक की कटौती पर बदलवा सकते हैं। तनिष्क एक मात्र ऐसा स्टोर जिसमें आपको 16 कम्यूनिटी की दुल्हनों की ज्वैलरी एक साथ देखने की मिलती हैं तो आप अपने नजदीकी तनिष्क शोरूम सिरसा पर आकर इस ऑफर का लाभ उठाए।

# भारत संकल्प यात्रा से हो रहा लोगों का उत्थान

- गांव दरियापुर व हिजरावां कलां में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते समाजसेवी राजपाल बेनीवाल।

केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में ही पात्र व्यक्तियों को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव दरियापुर व हिजरावां कलां में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमुख समाजसेवी राजपाल बेनीवाल ने बतौर मुख्याथिति शिरकत कर दी। मुख्यातिथि राजपाल बेनीवाल, विशिष्ट अतिथि इंद्र गावड़ी, इंद्राज मोंगा, संदीप भादू, राजू नारंग सरपंच सुमन रानी, सुरेश कुमार, मोहर सिंह फौजी, जीत शामा, सुरेंद्र कंबोज सहित नंबरदार, पंच तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली।कार्यक्रम में राजपाल बेनीवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से नागरिकों को दी जा

#### जनसंवाद में हो रहा समस्याओं का निदान

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से समाज के सभी वर्गों का उत्थान किया जा रहा है। यात्रा के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि देश का कोई भी गरीब नागरिक धन के अभाव में न तो भूखा रहेगा और न ही ईलाज करवाने में असमर्थ रहेगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इस दौरान राजपाल बेनीवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, प्रगतिशील किसानों व अन्य को सम्मानित किया।

### युवक चोरीशुदा बाइक सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान बठिंडा चौक क्षेत्र से एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया है। सीआईए प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही पाला राम सहारण के नेतृत्व में एक टीम गश्त व चैकिंग के दौरान बठिंडा चौक पर मौजूद थी। इस दौरान गुप्त सूचना मिली की बुटा सिह निवासी केसुपुरा थाना ऐलनाबाद चोरी किया हुआ बिना नंबर का बाइक बेचने डबवाली आने वाला है। सूचना के बाद तुरंत नाकाबंदी की। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार को रुकवाकर पूछताछ की। आरोपी उक्त बाइक के कोई कागजात पेश न कर सका। पूछताछ में बताया कि उसने यह बाइक करीब 15 दिन

### ग्रीन पार्क में मकान के ताले टूटे, सामान चोरी

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित ग्रीन पार्क कालोनी में एक मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे शहर पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रीन पार्क निवासी दर्शन दास वर्मा ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मकान को ताला तोड़कर अपने परिवार के साथ दिल्ली गया हुआ था। सुबह उसके पड़ोसी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उसके मकान के ताले टूटे पड़े हैं। सूचना मिलते ही वह वापस घर आया तो देखा कि उसके मकान के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चोर उसके मकान से एक एलईडी टीवी, एक सिलैण्डर, गुल्लक से करीब 10 हजार रुपये, परफ्यूम सैट सहित कुछ कागजात चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

# किसान-मजदूर जनआक्रोश रैली को लेकर टोहाना में उत्साह

- सरकार से त्रस्त जनता अब कांग्रेस पर टकटकी लगाए हुए : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल


**जाखल।** महंत बाबा भोलेनाथ।

टोहाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महंत बाबा भोलेनाथ धारसूल ने दावा किया कि 24 दिसंबर को सिरसा में आयोजित होने वाली किसान-मजदूर जनआक्रोश रैली में टोहाना विधानसभा क्षेत्र से जनसैलाब उमड़ेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से त्रस्त राज्य की जनता अब कांग्रेस पर टकटकी लगाए हुए है। यह रैली ऐतिहासिक होगी। कांग्रेस नेता महंत बाबा भोलेनाथ ने कर कहा कि राज्य और देश की मौजूदा सरकारों ने जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल की है। यह सरकारें लगातार जनहित के खिलाफ फैसले ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर प्रदेशवासियों में उत्साह हैं। किसान आंदोलन में शहीद किसानों की याद में 24 दिसंबर को सिरसा के हुड्डा ग्राउंड ग्लोबल स्पेस कॉलोनी में होने वाली विशाल रैली में मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे।

कांग्रेस नेता महंत बाबा भोलेनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेंद्र हुड्डा को भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 2024 में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

### नववर्ष पर भंडारा लगाएगा श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट की एक बैठक प्रधान अशोक सलूजा की अध्यक्षता में हुई जिसमें ट्रस्ट द्वारा नववर्ष के अवसर पर लगाए जाने वाले भंडारे को लेकर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट द्वारा नववर्ष के अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर षिकेश के प्रांगण में आगामी 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक भंडारा लगाया जाएगा। संस्था के सचिव जनक दाबड़ा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा लंबे अरसे से लावारिस अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में किया जाता है। ट्रस्ट की ओर से दोनों शिवरात्रि के अवसर पर शिवपुरी में भंडारे लगाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य समाजहित कार्य भी किए जाते है। ट्रस्ट द्वारा एंबुलेंस सेवा भी शुरू की गई है। इस मौके पर संरक्षक वीना मुंजाल, संरक्षक राजेश फुटेला, कोषाध्यक्ष शुभकरण रातुसरिया व अन्य मौजूद रहे।

# बॉक्सिंग और तीरंदाजी के लिए छात्रों का चयन


**फतेहाबाद।** मुख्तयार सिंह मैमोरियल महाविद्यालय के चयनित खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- मुख्त्यार सिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों का इन्टर यूनिवर्सिटी के लिए हुआ चयन

मुख्तयार सिंह मैमोरियल महाविद्यालय बहबलपुर के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित व अंकुर तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रतिभा का इन्टर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इसके अलावा तीरंदाजी में भी महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की मोनिका व प्रमिला का चयन हुआ। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा से इस बारे सूचना मिलते ही महाविद्यालय में गर्व और खुशी का माहौल बन गया। महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के चेयरमैन डॉ. हरमिन्दर सिंह, डॉयरेक्टर अमनदीप कौर व प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल ने शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक लवनीश कुमार और चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। डिफैन्स डिग्री कॉलेज, टोहाना में अक्टूबर में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज, बहबलपुर के अंकित ने 80-86 के भार में, अंकुर ने 90 के भार में तथा प्रतिभा ने 60-63 के भार में गोल्ड मैडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉयरेक्टर डॉ. अशोक मलिक ने विजेताओं को मैडल पहना कर सम्मानित किया। अब अंकुर व अंकित चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में आयोजित की जाने वाली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## व्यापार कल्याण बोर्ड की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा

# व्यापारियों और किसानों की समस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** व्यापार कल्याण बोर्ड की बैठक में भाग लेते सदस्य व अधिकारी।

व्यापार कल्याण बोर्ड की मीटिंग आज अनाज मंडी व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राधाकृष्ण नारंग की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी कार्यालय में हुई। बैठक में अनाज मंडी में व्यापारी वर्ग और किसानों से सम्बन्धित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त अन्य आवश्यकताओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में व्यापार मंडल अनाज मण्डी द्वारा रखी गई समस्याओं पर भी चर्चा की गई और इसको लेकर कमेटी द्वारा अपनी रिपोर्ट आगामी कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों को पंचकुला प्रेषित की जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राधाकृष्ण नारंग ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारियों और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। सरकार का प्रयास है कि अनाज मण्डियों में फसल बेचने आने वाले किसानों और खरीदने वाले व्यापारियों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। व्यापार कल्याण बोर्ड और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी समय-समय पर व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जानते हैं, उनका समाधान करवाया जाता है। इस मीटिंग में व्यापार कल्याण बोर्ड व व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक दीपक टांटिया, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनोहर महता, व्यापार मंडल के सचिव रमेश कुमार नागपाल, आनन्द कुमार कार्यकारी अभियंता, मार्किट कमेटी सचिव दीपक कुमार, रणबीर सिंह उपमंडल अभियन्ता विद्युत निगम व अन्य मौजूद रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-

**हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**
**फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005**